तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025

10 मोहरा में उन्नत तकनीक की खेती में ...
12 क्षेत्र में कृषि संकल्प अभियान जारी






शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...

लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
| --- | --- |
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |


प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी
संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459

## खबर संक्षेप



### चोरी के बाइक के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद**। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुए बताया कि 13 मई को प्रार्थी गिरीश चंद्राकर निवासी घोडारी ने थाना महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने अपनी मोटर सायकल टीवीएस राइडर क्रमांक सीजी 04 टीएल 5978 को घोडारी शराब दुकान के सामने रखा था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। रिपोर्ट के बाद अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज देखा गया। घटनास्थल के आसपास में उत्तम पाल पिता ध्रुवा (20 वर्ष) एवं हिमांशु शर्मा पिता स्व सुशील शर्मा (18 वर्ष) घोडारी की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। जिस पर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया और उनके कब्जे से चोरी हुई मोटरसाइकिल जब्त किया। मामले में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### बुजुर्ग को सांप ने डसा अस्पताल में मौत

**महासमुंद**। पटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार दोपहर एक बुजुर्ग को सांप ने डस लिया। उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पटेवा के ग्राम नयापारा निवासी चरंता उर्फ चाकू यादव (80) गांव में थे। इसी दौरान उन्हें किसी विषैले सांप ने काट लिया। परिजनों ने जानकारी के बाद उन्हें पहले पटेवा उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उन्हें तुमगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर किया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद बुजुर्ग की रात में मौत हो गई। आज पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

### प्रशिक्षण आज से

**महासमुंद**। राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम (जीईएम) पोर्टल के माध्यम से किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जेम पोर्टल प्रक्रिया के संबंध में 03 एवं 04 जून 2025 तक दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षित शिविर रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रथम दिवस का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय क्रेताओं के लिए तथा द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण राज्य स्तरीय विक्रेता और स्टार्टअप आदि के लिए नियत है।

### मोबाइल चोरी सिटी कोतवाली में शिकायत

**महासमुंद**। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात ग्राम बिरकोनी में तीन लोगों की घर से ही मोबाइल चोरी हो गई। तीनों लोगों महासमुंद कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया है। बिरकोनी निवासी मीणा चंद्राकर पति रामाधार चंद्राकर, लक्की चंद्राकर पिता रामाधार चंद्राकर और भोलाराम निषाद के घर से किसी अज्ञात ने मोबाइल को चोरी कर लिया है।

# नेशनल हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा, हादसे में पशुधन की हानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नगर के नेशनल हाईवे 130 में मवेशियों का झुंड लगातार बढ़ रहा है। वहीं कई मवेशी रफ्तार की चपेट में आ रहे हैं। रोज सुबह-शाम आवारा पशुओं का जमघट नगर के मेन रोड पर देखने को मिल रहा है। वहीं प्रतिदिन एक न एक मवेशी जख्मी या मृत देखने को मिल जाएगा। इसके अलावा कई लोग सड़कों पर बैठे मवेशियों के झुंड से टकराकर घायल हो रहे हैं। गौ पालक भी मवेशियों को अपने घर की बजाय खुले में छोड़ देते हैं। जब तक गाय दूध देती है, तब तक सभी मवेशियों को अपना समझते हैं। बाद में घर से बाहर छोड़ देते हैं। दूसरी ओर लवन नगर के कुछ गौ सेवक घायल मवेशियों का उपचार करते भी देखे गए हैं।

## हाईवे पर आए दिन देखे जा रहे घायल या मरे हुए मवेशी

### कब तक मवेशी व लोग होते रहेंगे दुर्घटना के शिकार

मुख्य सड़कों पर झुंड में बैठे मवेशियों से लगातार हादसा हो रहे हैं। नगर में रोका छेका अभियान फेल हो चुका है। इन मवेशियों को रखने गौठान बनाया गया है। इसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। बीते दिनों नगर में सड़क पर बैठे मवेशी को ट्रक ने कुचल दिया था।



### पालिका और प्रशासन को कोई चिंता नहीं

मेन रोड में तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में मवेशी आ रहे हैं। मवेशी मरे या घायल हो, इससे नगरीय प्रशासन को न फिक्र है और न ही जिला प्रशासन को। इस गंभीर विषय पर कोई मंथन शासन व प्रशासन ने नहीं किया। यही वजह है कि नगर की सड़कों पर मवेशियों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

### रात में तेज गति से चलते हैं वाहन

नगर की सड़कों में दिन में तो वाहनों की रफ्तार समझ लोगे और अपने वाहन की रफ्तार को कंट्रोल भी कर लेंगे, लेकिन रात के समय मालवाहक ट्रकों की रफ्तार बढ़ जाती है। यही वजह है कि इन तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में मवेशी व लोग आ रहे हैं।

## अनदेखी : आदेश के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की

# पचरी खरीदी केंद्र से 10 लाख का धान गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

जिला सहकारी बैंक खरोरा के अधीनस्थ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पचरी में धान खरीदी वर्ष 2024-25 में 425.22 क्विंटल धान गायब होना पाया गया हैं, जिसका बाजार मूल्य लगभग 10 लाख आंका गया हैं।

वर्ष 2024-25 में पचरी समिति में 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक किसानों से 54073.20 क्विंटल धान खरीदी की गई और इस वर्ष 3 अप्रैल तक मिलर्स द्वारा 53647.98 क्विंटल धान का उठाव किये जाने के बाद 425.22 क्विंटल धान कम पायी गई। इसकी जांच सहकारिता विस्तार अधिकारी शशांक बल्लेवार द्वारा पूरी कर 17 अप्रैल को कार्रवाई हेतु जिला सहकारी बैंक खरोरा के ब्रांच मैनेजर भारत साहू को सौंप दिया गया, लेकिन लगभग डेढ़ माह बाद भी जांच रिपोर्ट के अनुसार समिति प्रबंधक कमल नारायण कोसले को कार्यमुक्त करने और धान गायब पर थाना में प्राथमिकी दर्ज किये जाने की आवश्यकता बताये जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाना बड़े अधिकारियों की संलिप्त को जाहिर करता हैं।

ज्ञात को हो कि खरोरा ब्रांच के अंतर्गत 14 समितियों द्वारा धान खरीदी की जाती हैं, जिसमें 11 समितियों में धान खरीदी और मिलर्स द्वारा उठाव किये जाने पर बराबर पाया गया, लेकिन 3 समितियों में धान काम पाया गया, जिसमें ⏩ शेष पेज 10 पर



### अधिकारियों ने पल्ला झाड़ा

जिला सहकारी बैंक खरोरा के ब्रांच मैनेजर भरत साहू ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा की मैंने प्राधिकृत अधिकारी को कार्रवाई के लिए लेटर जारी कर दिया है। इस संदर्भ मे मनोनीत प्राधिकृत अधिकारी दाऊलाल वर्मा ने पल्ला झाड़ते हुए कहा की एफआईआर करवाना और समिति प्रबंधक को बर्खास्त करने का अधिकार भरत साहू को है।

### कार्रवाई जरूरी

उच्च अधिकारियों के संरक्षण में समिति प्रबंधक द्वारा इस भष्ट्राचार को अंजाम दिया गया, जो सीधा सीधा चोरी हैं। इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए, नहीं तो सड़क की लड़ाई लड़ी जायेगी।

**-अभिषेक वर्मा,** अध्यक्ष
जनपद पंचयत तिल्दा सरपंच संघ

### मैने जांच रिपोर्ट सहकारी बैंक में दी

मैंने जांच कर रिपोर्ट जिला सहकारी बैंक खरोरा शाखा को दे दी है, कार्रवाई करना उनकी जवाबदारी है।

**-शशांक बल्लेवार**
सहकारिता विस्तार अधिकारी

# नपं अध्यक्ष व कर्मचारियों को गाली गलौज करने वाला दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर नये अध्यक्ष और कर्मचारियों को गाली गलौज देने वाले दंपति के खिलाफ अपराध दर्ज कराया गया। जांच पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।



नगर पंचायत के पार्षद नगर में अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई कर रहे और लोगों को समझाइश दे रहे हैं। इसी तरह वार्ड नंबर 7 के पार्षद जयप्रकाश वर्मा के समक्ष वार्डवासियों ने अपनी समस्या रखी और कहा कि गौ पालन के नाम पर वार्ड का धरसा रास्ता कच्ची सड़क पर योगेश द्विवेदी और उनकी पत्नी द्वारा जमीन पर कब्जा किया गया है, जिससे आवागमन में समस्या उत्पन्न हो रही है। इसके बाद नगर पंचायत कर्मियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा तहलसीदार को सूचना देकर इस अवैध कब्जा को हटाने के लिए निवेदन किए, जिसके बाद दोनों पति-पत्नी ने ⏩ शेष पेज 10 पर

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में बसपा का आंदोलन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरोध में प्रदेश बसपा 4 जून को जिला मुख्यालय स्तर पर आंदोलन करेगी और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है।

विदित हो कि प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय स्कूलों का युक्तिकरण करने का एकपक्षीय आदेश की सूचना जारी की गई है जिससे पूरे प्रदेश के टीचर्स, अभिभावक व स्टूडेंट्स अपने भविष्य व शिक्षा को लेकर चिंतित व आक्रोशित है। बहुजन समाज पार्टी का मानना है कि ये अन्यायपूर्ण युक्तिकरण को रोका जाना चाहिए,बल्कि गांव गांव गली गली में पाठशाला खुलने चाहिये। नए शिक्षकों की भर्ती होनी चाहिये तथा शिक्षा का निजीकरण व बाजारीकरण बंद करके संविधान के आदेश के मुताबिक निःशुल्क व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदेश व देश में लागू होना चाहिए, इसलिए मांगों के साथ प्रदेश अध्यक्ष बसपा श्याम टण्डन के आदेशानुसार आगामी 4 जून को जिला मुख्यालय कलेक्टर आफिस में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ⏩ शेष पेज 10 पर

# अर्जुनी समिति में बीज नहीं मिलने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी में इन दिनों किसान स्वर्णा, महामाया बीज के लिए चक्कर लगा रहे हैं। प्रतिदिन किसान बीज कब आएगा यह जानने समिति पहुंच रहे हैं। समिति में बीज नहीं आया है, कहने पर किसान वापस लौट जाते हैं। इससे किसानों को बीज संकट का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं एवं फसल के पूर्व भंडारण व खेत तैयार करने में व्यस्त हैं और बीज की



कमी का सामना करना पड़ रहा है। समिति के अंतर्गत अर्जुनी रवान खैरताल आते हैं, जो इस समय बीज की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं महामाया धान की सप्लाई ही नहीं हुई है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन कब तक किसानों की बीज की समस्या को दूर करती है। वहीं किसानों ⏩ शेष पेज 10 पर

# आंदोलन के बाद कंपनी ने मृतक के परिजन को दिया 10.50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम छपोरा में गुरुदेव कंपनी में एक 22 वर्षीय हर्ष यादव की करंट लगने से मौत हो गई थी, जिसके खिलाफ छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से जिला अध्यक्ष योगेश साहू, तेजराम देवांगन, महेश साहू, अजय वर्मा ने खोला था। कंपनी पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के नाम से मात्र 2 लाख का प्रस्ताव रखा

- कंपनी में करंट लगने से हुई थी युवक की मौत



और सीधा-सीधा मना कर दिया कि इससे ज्यादा नहीं देंगे।

इसके चलते मृतक के माता-पिता ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी को आवेदन लिख मदद की गुहार लगाई। शिकायत सुनते ही जिला अध्यक्ष ⏩ शेष पेज 10 पर

### थाने से निकल कर फिर किया आंदोलन

सुबह थाने से छूटकर ग्रामीणों ने अपने गांव वालों और मृतक परिवार वाले के साथ फिर आंदोलन करने वहीं बैठे और कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए हम पीड़ित परिवार को न्याय दिला कर रहेंगे। इसके चलते काफी समय बाद कंपनी के मालिक ने झुक कर पीड़ित परिवार को 10 लाख का चेक व 50 हजार रूपये नगद प्रदान किया। तब आंदोलन खत्म हुआ।

## शिकायत के बावजूद हो रहा निर्माण, तहसीलदार ने लगायी थी रोक

# सरकारी जमीन पर बनाया जा रहा प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जनपद पंचायत के समीपस्थ ग्राम पंचायत दर्रा (क) के ब्रम्ह चौक तालाब पार पास शासकीय भूमि पर कब्जा कर ग्रामीण द्वारा मकान निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीण पिछले वर्ष दिनांक 11 नवम्बर को तत्कालीन सरपंच राजकुमार सहित तहसील के अधिकारियों के समक्ष निर्माण कार्य रुकने शिकायत किए थे, जिस पर तहसीलदार कसडोल ने मकान निर्माण कार्य में रोक लगायी थी, लेकिन समय गुजरा ग्राम सरकार बदलने के बाद पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। जिस पर अब शिकायतकर्ता लामबंद है। विदित हो कि उक्त जमीन पर ग्रामीण द्वारा तालाब पार पर कब्जा कर मकान निर्माण कार्य करने से ग्रामीणों को आम निस्तारी करने में समस्या हो रही है। इसे



लेकर ग्रामीण लगातार सार्वजनिक बैठक कर मकान निर्माण बंद कराने को कह रहे हैं, लेकिन निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। निर्माणकता्र द्वारा अब शिकायतकर्ताओं पर मारपीट करने का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है तहसीलदार को शिकायत देने के बाद मकान निर्माण कार्य बंद हो चुका था मगर अभी फिर से मकान निर्माण कार्य चालू कर दिया है, जबकि तहसीलदार के द्वारा जारी आदेश में मकान निर्माण कार्य को बंद करने का नोटिस दिया गया था मगर गंगाराम को प्रशासन के आदेशों का पालन नहीं कर अपनी मनमौजी से मकान निर्माण कार्य कराया जा रहा है।



### हमने मना किया है

ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन हम नये सरपंच बने है, जानकारी नहीं है। बाद में पता चला कि तहसीलदार द्वारा रोक लगा दी गई है। इसके बाद हम लोगों ने मना कर दिया है। गंगा राम द्वारा वहां मकान निर्माण कार्य नहीं कराया जाएगा।

**-रामचरण केवट,** सरपंच, ग्राम पंचायत दर्रा

### 40 वर्षों से रह रहा हूं

इधर शासकीय जमीन पर निर्माण करा रहे गंगा राम कैवर्त्य ने कहा वे 40 वर्षों से झिल्ली टीना लगाकर रहा है। यह मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहा है, जिसकी दो किस्त मिल चुकी है, चार फीट दीवाल खड़ी करने के बाद रोक लगा दी गई है। 40 साल से यह मेरा पुराना घर है। पंचायत के कहने पर पुराना मकान को तोड़कर बना रहा हूं। वर्तमान पंचों के बोलने पर ये मकान बना रहा हूं।

# पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव का पलारी में हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

छत्तीसगढ़ के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के नगर आगमन पर उन्होंने विश्राम गृह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता की, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान संविधान बचाओ कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। पूर्व मंत्री ने सुशासन तिहार के नाम पर 95 प्रतिशत समस्याओं के निराकरण के भाजपा के दावे को निराधार बताया। अगर ऐसा है तो प्रदेश सरकार ⏩ शेष पेज 10 पर

### पूर्व विधायक को मातृशोक पर दी सांत्वना

टीएस सिंहदेव ग्राम रसौटा पहुंचकर पूर्व विधायक शकुंतला साहू की मां व हरिशंकर साहू की पत्नी लीला देवी साहू के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री ने पूर्व विधायक शकुंतला साहू को उनकी मां के जाने पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मां तो आखिर मां होती है। मेरे मंत्री रहते जब भी शकुंतला साहू रायपुर आती वे हमेशा अपनी मां का जिक्र जरूर करती थी।

# मोहरा में उन्नत तकनीक की खेती से ग्रामीणों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

## रायपुर, भिलाई, दुर्ग और अंबिकापुर में भेजी जाती है यहां की उत्पादित सब्जियां

ग्राम मोहरा स्थित एक निजी फार्म ने इन दिनों सब्जी उत्पादन में एक नई मिसाल कायम की है। आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों के साथ यहां सब्जियों की खेती की जा रही है। खेतों में सफेद मल्चिंग फिल्म की कतारें दूर-दूर तक फैली हुई हैं, जो खेत की मिट्टी की नमी बनाए रखने, खरपतवार नियंत्रण और तापमान संतुलन में मदद करती हैं। इन दिनों यहां सब्जी लगाने का कार्य जोरों पर है और खेतों में मजदूर बड़ी संख्या में जुटे हुए हैं। फार्म के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार साहू ने बताया कि 80 एकड़ जमीन पर विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती की जा रही है। इसमें 13 एकड़ क्षेत्र में खीरे की फसल लगाई जा रही है, 12 एकड़ में करेला, 10 एकड़ में मिर्च, 25 एकड़ में टमाटर और 10 एकड़ में गोभी की खेती हो रही है। इसके अतिरिक्त शेष बचे खेतों में लौकी की फसल लगाई जा रही है।



### खेती का तरीका बदलने से बढ़ा उत्पादन

इन शहरों की सब्जी मंडियों में फार्म की सब्जियां अपनी गुणवत्ता और ताजगी के लिए जानी जाती हैं। मांग के अनुसार सप्लाई सुनिश्चित की जाती है, ताकि ग्राहकों को समय पर ताजे उत्पाद मिल सकें। फोटो में खेतों की नियमित पंक्तियां और सफेद पॉलिथीन से ढंके क्यारियां यह दर्शाती हैं कि यहां परंपरागत खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर खेती को लाभदायक बनाया गया है। फार्म हाउस अब किसानों के लिए एक प्रेरणा बन रहा है, जो यह दर्शाता है कि इच्छाशक्ति और सही दिशा से खेती को एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है।

### जैविक खाद का उपयोग

उन्होंने बताया कि इस समय खेतों में नई फसलों की बुवाई का समय है और सभी मजदूर पूरी लगन से कार्य में जुटे हुए हैं। फार्म में आधुनिक सिंचाई प्रणाली, मल्चिंग तकनीक, जैविक खाद एवं समय-समय पर वैज्ञानिक सलाह लेकर खेती की जाती है। इससे न केवल उत्पादकता बढ़ती है, बल्कि गुणवत्ता भी बनी रहती है।

## खबर संक्षेप



### किशोर को बनाया चैंबर का प्रमुख सलाहकार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में किशोर आहूजा को प्रमुख सलाहकार बनाया गया है। इस अवसर पर चैंबर के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, अध्यक्ष सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया सहित चैंबर सदस्यों एवं व्यापारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### कबड्डी स्पर्धा में बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



**रायपुर।** नवउमंग स्पोर्ट्स अकेडमी एवं समस्त ग्रामवासी तर्री द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने शामिल होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर द्वारिका साहू, घनश्याम तारक, राधेलाल पोखराज, तारक, रोशन साहू, अनिल बया, संजू साहू, बंटी प्रजापति, भारत साहू, हर्षल लौतरिया व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सरयूपारीण समाज की बैठक मेधावी बच्चों का सम्मान 8 को

**रायपुर।** तुलसी भवन में रविवार को सरयूपारीण समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई। समाज ने 8 जून को विप्र समाज के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही आमसभा कराने का फैसला भी लिया है। इसके अलावा बैजनाथ मिश्र को समाज के युवा समाज का संयोजक नियुक्त किया, वहीं राममूर्ति तिवारी को संरक्षक नामित किया गया, कैलाश तिवारी को भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव समिति का सदस्य नामित किया गया। संगम लाल त्रिपाठी को संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है। समाज के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि बैठक में अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, राजेश त्रिपाठी, शैलेश शर्मा, राममूर्ति तिवारी, प्रमोद शर्मा, विमलेंद्र तिवारी, विनोद पांडे, विष्णु दत्त मिश्र ,विजयकांत शर्मा, संजय मिश्रा, आरएल द्विवेदी, कल्याण प्रसाद पांडे, डीएस परोहा, त्रिभुवन आदि उपस्थित रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम कल से

**महासमुंद।** आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम 4 से 8 जून तक सुबह 6 बजे से 9 बजे तक श्रीराम मंदिर परिसर गांधी चौक महासमुंद में आयोजित होने जा रहा है। इस कोर्स के लिए कोरबा की वरिष्ठ शिक्षिका शशिकांता देशमुख, अनिल देशमुख, हेमलता सिंह पहुंचेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन नासा एवं एम्स द्वारा प्रमाणित शक्तिशाली सुदर्शन क्रिया का प्रत्यक्ष लाभ लेने की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी मनीष अग्रवाल ने दी।

## निधन

### पुष्पा बाई वर्मा

**मुंडा।** ग्राम कोलिहा के उप सरपंच पुष्पा बाई वर्मा 40 वर्ष का निधन हो गया। वे रामस्नेही वर्मा, छोटे के पत्नी व रागिनी, धनेश्वरी, लक्ष्मी, रूपनारायण वर्मा के माता जी थी।



उनका अंतिम संस्कार नया तालाब के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें कुर्मी समाज के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, सचिव नरेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष हल्दाहर प्रसाद वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सह सचिव नरेंद्र, नंदराम वर्मा, लोकपाल, देव प्रसाद वर्मा, रघुराम वर्मा, धरमलाल वर्मा, पारस वर्मा, ऑडिटर पप्पू वर्मा, यावत वर्मा, सुमेर वर्मा, शिक्षक चक्र सहित सामाजिक सदस्य शामिल हुए।

## छोटी-मोटी इमरजेंसी होने पर जिला अथवा आंबेडकर अस्पताल के भरोसे

# हेल्थ सेंटर्स में संडे मतलब छुट्टी... ओपीडी नहीं तो जरूरी इलाज और दवा मिलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे स्वास्थ्य केंद्र, डॉक्टर फोन पर उपलब्ध

रविवार यानी ओपीडी बंद होने की वजह से विभिन्न इलाकों में खोले गए स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी इलाज तो दूर, आवश्यक दवाएं तक मिलना मुश्किल होता है। स्वास्थ्य केंद्र में नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ तो मौजूद रहते हैं, मगर डॉक्टर इमरजेंसी के नाम पर ऑन कॉल उपलब्ध होते हैं। अवकाश के दिन इन स्वास्थ्य केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहता है और यहां के छोटे-मोटे इमरजेंसी केस वाले मरीजों को भी इलाज के लिए जिला अथवा आंबेडकर अस्पताल के भरोसे रहना पड़ता है।

हरिभूमि लाइव

प्राथमिक उपचार के लिए राजधानी समेत विभिन्न स्थानों पर हमर क्लीनिक, हमर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। कार्य दिवस पर तो यहां ओपीडी के वक्त विभिन्न बीमारियों की दवा मिलती है, मगर छुट्टी के दिन यहां आवश्यक इलाज मिलना भी मुश्किल है। यहां इमरजेंसी का सिस्टम नहीं होने के कारण डॉक्टर अपनी सेवाएं फोन के माध्यम से देते हैं और एक-दो नर्सिंग तथा पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे संस्थान संचालित होते हैं। इसकी वजह से आवश्यक होने पर भी मरीजों को यहां जरूरी दवाएं नहीं मिल पाती हैं। मौजूदा कर्मचारी तो दूसरे दिन अस्पताल आने अथवा जिला या आंबेडकर अस्पताल जाकर अपना इलाज कराने की सलाह देते हैं। कहने को तो रविवार को सारे सरकारी अस्पताल इमरजेंसी मोड पर संचालित होते हैं, मगर छोटे स्वास्थ्य केंद्रों में संडे मतलब पूरे दिन छुट्टी का माहौल होता है।






### केस 1

रविवार को मंगल बाजार स्थित हमर क्लीनिक यानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर हरिभूमि टीम पहुंची तो वहां मुख्य द्वार पर ताला लगा था।भवन के सामने एक कार पार्क की गई थी। आसपास के लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र रविवार को अक्सर बंद रहता है। कई बार डॉक्टर अथवा अन्य चिकित्सकीय स्टाफ नहीं होने के कारण मरीजों को दूसरे दिन आकर अपनी दवा लेनी पड़ती है। यहां बीपी-शुगर की जांच के साथ सामान्य बीमारियों की दवा मिलती है।




### शिकायत मिलने पर करते हैं कार्यवाही

रविवार अथवा अन्य अवकाश के दिन ओपीडी की व्यवस्था नहीं होती। इमरजेंसी होने पर ज्यादातर लोग बड़े अस्पताल जाते हैं। अगर कोई मरीज यहां पहुंचता है तो उसे आवश्यक उपचार या परामर्श दिया जाता है। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाती है। - **डॉ. मिथिलेश चौधरी**, सीएमएचओ, रायपुर

### केस 2

खोखोपारा स्थित हमर अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सन्नाटा पसरा रहा। भीतर मौजूद स्टाफ ने बताया कि ओपीडी नहीं होने की वजह से ज्यादातर लोग छुट्टी पर रहते हैं। किसी तरह की इमरजेंसी होने पर डॉक्टरों से ऑन कॉल सेवाएं ली जाती हैं। छुट्टी होने की वजह से यहां एक-दो मरीज ही आते हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें आवश्यक दवा दी जाती है अथवा चिकित्सकों के परामर्श के लिए दूसरे दिन आने की सलाह दी जाती है।

# अतिशेष की सूची प्रकाशित किए बगैर ही काउंसिलिंग तिथि का निर्धारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- युक्तियुक्तकरण में विसंगतियों का आरोप

प्रदेश के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण का शिक्षकों द्वारा चौतरफा विरोध शुरू हो गया है। इसके साथ ही शिक्षक संघ द्वारा शासन पर पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक संजय शर्मा ने आरोप लगाया है कि शिक्षा विभाग में काउंसलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है। अधिकारी मनमर्जी कर रहे हैं। बीते दिनों कोरबा में काउंसलिंग हुई, लेकिन जो आसपास के रिक्त पद है उसे छुपाया गया है। पूरे रिक्त पदों की ना तो जानकारी दी गई और ना ही इसे पूर्व में प्रकाशित भी किया गया। प्रक्रिया में सुधार व पारदर्शिता के बिना पूरे प्रदेश के शिक्षको को परेशान किया जा रहा हैं और अधिकारी मनमर्जी कर रहे हैं। यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो मनमानी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी हम प्रदर्शन करेंगे।

### दावा-आपत्ति के लिए पर्याप्त समय नहीं

शिक्षक संघ ने मांग की है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पारदर्शितापूर्वक नहीं की जा रही है, इसलिए इस पर आवश्यक-निर्देश जारी किया जाए। अतिशेष की सूची प्रकाशित हुए बिना ही काउंसलिंग की तिथि निर्धारित किया जा रहा है। अतिशेष की सूची कई जिलों में प्रकाशित नहीं हुई है। पारदर्शिता का प्रत्येक जिले में पूर्णतः अभाव है। यही कारण है की सूची को जारी करने के बाद दावा आपत्ति का पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय स्कूलों के साथ जिन स्कूलों में पोस्टिंग की जानी है उनकी सूची सोशल साइट पर और कार्यालय के बाहर चस्पा की जानी चाहिए।

## भाजपा की कल बड़ी बैठक

**रायपुर ।** प्रदेश भाजपा की लंबे समय बाद प्रदेश स्तर की एक बड़ी बैठक 3 जून को दोपहर 1 बजे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रखी गई है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने पर 11 जून को भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी के साथ केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में प्रदेश भाजपा के सभी संगठन जिलों के जिला अध्यक्ष, जिलों के भाजपा के प्रभारी, जिलों के भाजपा के सहप्रभारी, संभागीय प्रभारी, प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



# विप्र वाटिका में मना विश्व ब्राह्मण दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व ब्राह्मण दिवस पर नगर के विप्र वाटिका में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई। इसी के साथ एकता का सन्देश दिया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्याम शुक्ला, राजकुमार तिवारी, विष्णुधार दीवान, प्रमोद शर्मा, मनोज दुबे, राजीव लोचन शुक्ला, संतोष तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, नितेश शर्मा, प्रवीण पांडेय, संकेत शुक्ला, संजय शर्मा, समीर शर्मा, रामनरेश मिश्रा, दीपक सुरेंद्र बाजपेई, कमलाकांत बाजपेई, नरेंद्र शुक्ला, शिव नरेश मिश्रा, सुशील तिवारी आदि विप्रजन उपस्थित रहे।

# सुविधाएं बढ़ाने की योजना दस महीने से अटकी पेइंग वार्ड अब कोरोना के लिए आइसोलेटेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एसी तथा अन्य सुविधाओं के साथ शुल्क बढ़ाने का हुआ था निर्णय

जनरल वार्ड में असहज महसूस करने वाले मरीजों के लिए मौजूदा पेइंग वार्ड को सुविधायुक्त बनाने की योजना दस महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। यहां एसी सहित अन्य सुविधाएं जुटाने समेत शुल्क बढ़ाने पर भी फैसला हुआ था।

फिलहाल इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है और यहां कोरोना संक्रमितों के लिए आइसोलेटेड वार्ड बना दिया गया है। जरूरतों के हिसाब से आंबेडकर अस्पताल के पेइंग वार्ड को सुविधायुक्त बनाने की आवश्यकता महसूस की गई थी। इसके तहत वहां दर्जनभर कमरों में एसी समेत अन्य सुविधा जुटाने और शुल्क बढ़ाने पर भी फैसला हुआ था। निर्णय होने के बाद भी खरीदी के लिए फंड नहीं मिलने की वजह से इस पर काम शुरू नहीं हो पाया और दस महीने बीत गए। अब आने वाले दिनों में भी इस पर काम शुरू होने की संभावना काफी कम है। आने वाले दिनों कोरोना के केस बढ़ने की आशंका के आधार पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंबेडकर अस्पताल में अपनी तैयारी की गई है। इसके तहत वहां ओपीडी जांच के लिए कक्ष बनाने के साथ संक्रमितों को आइसोलेटेड करने के लिए पेइंग वार्ड के प्रथम तल को आरक्षित किया गया है, यानी भविष्य में अगर कोरोना केस बढ़ते हैं तो उन्हें इलाज के लिए पेइंग वार्ड में रखा जाएगा।




### सीमित संख्या में उपयोग


अस्पताल सूत्रों का कहना है कि पेइंग वार्ड का उपयोग सीमित संख्या में ही किया जाता है। सामान्य वार्डों से दूर होने की वजह यहां हर वक्त विभागीय चिकित्सकों की मौजूदगी कम होती है। वहीं किसी तरह की जांच के लिए भी मरीजों को काफी दूर तक जाना पड़ता है। इसका ज्यादातर उपयोग सिफारिशी मरीजों द्वारा किया जाता है, क्योंकि पेइंग वार्ड की सुविधा लेने के लिए अस्पताल की कई कागजी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है।

## कृषि विभाग ने किसानों को दी समसामयिक सलाह

# डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में खरीफ 2025 हेतु फसल का रकबा 206250 हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें धान्य फसल का 201160 हेक्टेयर, मक्का 220 हेक्टेयर, दलहन फसल 680 हेक्टेयर एवं तिलहन 520 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष 11 जून को मानसून के छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। इस दृष्टि से कृषकों द्वारा खरीफ फसल की तैयारी हेतु खेत की जुताई, बीज, उर्वरक, जैविक खाद की व्यवस्था की जा रही है। फसलों के उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि राज्य स्तर पर डीएपी उर्वरक की कमी की आशंका व्यक्त की गई है। पौधों क़ो फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु अन्य उर्वरकों की वैकल्पिक व्यवस्था करना आवश्यक है। कृषक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अधिकांश मात्रा में उर्वरकों का अग्रिम उठाव कर रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा इस परिप्रेक्ष्य में किसानों को यदि डीएपी की कमी होने पर अन्य उर्वरकों का उपयोग कर फसलों का अधिकतम उपज प्राप्त करने तकनीकी सलाह दी गई है।



कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान की जल्दी पकने वाली व देशी किस्म हेतु 24 किलो नाइट्रोजन, 16 किलो स्फूर एवं 8 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है।जिसकी पूर्ति 52 किलो यूरिया, 100 किलो सुपर फास्फेट, 13 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलो एनकेपीके (12 : 32 : 16), 39 किलो यूरिया या 80 किलो कॉम्प्लेक्स कॉम्प्लेक्र उर्वरक एनपीकेएस (20: 20 : 0 : 13), 18 किलो यूरिया एवं 13 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। धान की बौनी किस्में 141 दिन से अधिक हेतु 32 किलो नाइट्रोजन, 20 किलो स्फूर एवं 12 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। इसकी पूर्ति 70 किलो यूरिया, 125 किलो सुपर फास्फेट, 20 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश या 62 किलो एनकेपीके (12 : 32 : 16), 54 किलो यूरिया व 4 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश या 100 किलो कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20: 20:0:13), 26 किलो यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है। धान की बौनी किस्में मध्यम अवधि 126-140 दिन हेतु 40 किलो नाइट्रोजन, 24 किलो स्फूर एवं 16 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। जिसकी पूर्ति 87 किलो यूरिया, 150 किलो सुपर फास्फेट, 27 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश या 75 किलो एनकेपीके (12 : 32 : 16), 67 किलो यूरिया व 7 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश या 120 किलो कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20 : 20 : 0 : 13), 35 किलो यूरिया एवं 27 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश की जा सकती है।

### 25 प्रतिशत की बचत तक की

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में नैनो उर्वरकों पर किये गये प्रयोग के आधार पर धान की फसल में नैनो डीएपी 5 मिली प्रति किलो बीज से बीज उपचार या जड़ उपचार तथा बोवाई व रोपाई के 30 दिन बाद एक बार 2 मिली प्रति लीटर पानी की दर से पत्तियों पर छिड़काव करने से पारम्परिक डीएपी की अनुशंसित मात्रा में 25 प्रतिशत की बचत की जा सकती है। धान फसल में नैनो यूरिया 4 मिली प्रति लीटर पानी की दर से दो बार बोवाई व रोपाई के 30 से 35 दिन एवं 55 से 60 दिन की अवस्था में छिड़काव करने से पारम्परिक यूरिया की अनुशंसित मात्रा में 25 प्रतिशत की बचत की जा सकती है।

## पेज 9 के शेष

### पचरी खरीदी केंद...

पचरी में 425.22 क्विंटल, छड़िया में 482.80 क्विंटल, माठ में 455.80 क्विंटल धान कम पाया गया है। तीनों समितियों में प्रबंधकों को जिम्मेदार मानते हुए जांच अधिकारी शशांक बल्लेवार द्वारा प्रबंधकों को कार्यमुक्त किये जाने की अनुशंसा की गई हैं।

### नपं अध्यक्ष व ...

पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी व वर्तमान अध्यक्ष सुनीता सोनी व पार्षद को धमकी दी। इसके बाद गस्त में जाकर बुलडोजर से अवैध कब्जा को हटाया गया और उस दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी, जिस पर खरोरा थाना में धारा-221, 132, 329(2), 296, 351(2)3(5) BNS के तहत योगेश द्विवेदी पिता बनमाली राम द्विवेदी 48 वर्ष और गिरीजा द्विवेदी पति योगेश द्विवेदी 343 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय रवाना किया गया ।

### शिक्षकों के ...

राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। श्याम टण्डन ने पार्टी के कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे का आहवान किया है ।

### अर्जुनी समिति में ...

का कहना है कि मांग के अनुरूप समिति में बीज का भंडारण नहीं होने से यह समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोकनाथ दीवान ने बताया कि 8-10 दिनों में समिति में बीज का भंडारण हो जाएगा। उसके बाद किसानों के पास बीज उपलब्ध हो जाएगा।

### आंदोलन के बाद...

योगेश साहू व अजय कुमार वर्मा कंपनी वालों से बात करने पहुंचे, लेकिन वहां माहौल ऐसा हुआ की काफी मात्रा में पुलिस प्रशासन पहुंची हुई थी। अजय वर्मा ने बताया कि लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से बात रखने के बावजूद शासन ने सभी सेनानी और गांव वालों को उठाकर विधानसभा थाने ले गयी। ग्रामीणों से बात करने पर यह पता चला कि उन्होंने वहां मौके पर पहुंची प्रशासन को कई बार बोला कि हम यहां शांतिपूर्वक मुआवजा दिलाने आए हैं। पीड़ित परिवार को उनका मुआवजा दिला दो, क्योंकि उन्होंने अपना बच्चा खोया है, लेकिन प्रशासन ने एक न सुनी और तीन बस में भाकर पूरे ग्रामीण को थाना ले कर चले गए।आंदोलन में पीड़ित परिवार से रजउ यादव पिता गुलसन यादव, भाई संतोस यादव, बड़े पापा राजेश यादव, बड़े पापा रेशम यादव, भाई शामिल थे। वहीं क्रांति सेना से सरपंच योगेंद्र साहू, पूर्व सरपंच नोहर वर्मा, राकेश वर्मा प्रीतम वस्त्रकार, डोगेन्द्र वस्त्रकार, थानेश्वर वर्मा, संजय साहू, अमित वर्मा, सोनू यादव, कमल यादव, शिव यादव, बालाराम यादव, परस यादव, प्रेमू यादव, अशोक साहू, रमेश साहू, नंदकुमार साहू, संतोष यादव, दुर्गा वर्मा, रेखा वस्त्रकार, रानू वर्मा, कल्याणी यादव, मोना यादव, महेश साहू, अवीराज साहू, तेजराम देवांगन, दीपक वर्मा, डोगेन्द्र नारंग, तुषार वर्मा, राकेश साहू, दीपेश देवांगन, मुकेश धीवर, गोपेश वर्मा, सरपंच योगेन्द्र साहू, रोशन यादव शामिल थे ।

### पूर्व मंत्री टीएस...

सालभर सुशासन तिहार मनाना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज दिखाई नहीं देती, प्रदेश में अराजकता का माहौल है। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, जीवजंतु बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, साहू संघ जिलाध्यक्ष सुनील साहू, नपं अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, मनीष चन्द्राकर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA


## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia &
  - Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Aftt. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Aftt. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थी को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

### - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

SCAN ME

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

## खबर संक्षेप

### कुर्मी समाज के अध्यक्ष बने केशव वर्मा



**मुंडा।** मुंडा के सामाजिक भवन में रविवार को सामाजिक बैठक हुई, जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारी व ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में युवा प्रकोष्ठ के सभी पदों के लिए चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से केशव प्रसाद वर्मा को अध्यक्ष, पुरेंद्र वर्मा को उपाध्यक्ष, रुद्र शंकर वर्मा को सचिव, भगवानी वर्मा, सह सचिव अखिलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश वर्मा मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इस मौके पर जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा, प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा, शिक्षक पारसनाथ वर्मा, सुरेश वर्मा, महेंद्र वर्मा, दरबार वर्मा, चंद्रभूषण वर्मा, गजेंद्र वर्मा ग्राम प्रमुख व सामाजिकजन उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष बने लोकेश



**पवनी।** यह ग्राम धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है। ग्राम के हृदय स्थल में 26 मार्च 1934 को राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी, जिसे अब लगभग 91 वर्ष हो रहा है। मंदिर समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें गायत्री मंदिर पवनी के पुजारी लोकेश साहू को राधा कृष्ण मंदिर समिति पवनी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल उनके धार्मिक समर्पण का प्रमाण है, बल्कि यह पवनी क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समिति में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की हैं, जो मंदिर के संचालन और कार्यक्रमों के आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। समिति में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं, जो मंदिर के संचालन और कार्यक्रमों के आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। लोकेश साहू के अध्यक्ष बनने पर नगर पंचायत पवनी के अध्यक्ष कुलदीपक साहू, उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, पार्षदगण, प्रबुद्ध नागरिकों ने बधाई दी है।

### विभिन्न सामाजिक विषयों पर हुई चर्चा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा इन दिनों जिले में वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला इकाई के पदाधिकारियों द्वारा समाज के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी से उनके निवास स्थान पर सौजन्य मुलाकात कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा कर मार्गदर्शन लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, विजय पुरी, ओमप्रकाश पुरी, आशुतोष पुरी, शुभम भारती आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में 2 जून को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां 45 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया।

**बैठक:** वार्षिक आमसभा में सभी बी ओ डी और सदस्य शामिल हुए

# एफपीओ की वार्षिक सभा में बांटे गए शेयर सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार





एफपीओ के वार्षिक आमसभा और शेयर सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम जिला ऑडिटोरियम में दो सत्र में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में वार्षिक आमसभा में सभी बी ओ डी और सदस्य शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता एफ पी ओ के अध्यक्ष भोलेश्वर वर्मा ने की। विभिन्न विषय पर चर्चा और निर्णय लिया गया। अब सदस्य की संख्या 750 की लिमिट को हटाकर 2000 सदस्य कर दी हैं। कार्यक्षेत्र विस्तार पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शेयर सर्टिफिकेट वितरण, बीज वितरण, पौधा वितरण आदि कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विजय केसरवानी राजस्व मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुए। केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दुगुना करने हेतु प्रयासरत है, जिसमें सफलता मिल रही है, एफ पी ओ का गठन महत्वपूर्ण कदम है। मुझे विश्वास है कि एफ पी ओ के माध्यम से किसानों की दशा में बहुत सुधार होगा। ज्यादा से ज्यादा कृषक एफ पी ओ से जुड़े।

मंत्री ने फोन में ही कार्यालय निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की घोषणा की। जल्द ही में एपीओ का कार्यालय निर्माण होगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अंगद राजपूत ने एफ पी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न व्यवसायों को बताया एवं एपीओ के सीईओ शुभम वर्मा ने बलौदाबाजार के 51 गांव में आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत योजना प्रारंभ करने तथा अगरवुड मिशन प्रारंभ करने पर जोर दिया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कपिल कश्यप, अतिथि में डॉक्टर अंगद सिंह राजपूत, दीपक कुमार नायक, चंद्रिका वर्मा सरपंच करमदा, गजेंद्र नायक ग्राम पंचायत लटुवा, संदीप वर्मा सरपंच संघ उपाध्यक्ष, एफपीओ के बोर्ड मेंबर भोलेश्वर वर्मा एफपीओ अध्यक्ष, सविता साहू उपाध्यक्ष, तिरीथ कुमार पाठक, योगेंद्र वर्मा, अघनू राम पटेल, होरीलाल साहू, केजराम जगत, अजीत कुमार, बलराम पैकरा, लता निषाद, तोमेश साहू आदि मौजूद थे।



# क्रांति सेना की खारून बचाओ पदयात्रा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा






खारुन नदी की आरती व महादेव के जलाभिषेक कर सोमनाथ से पांच दिवसीय पदयात्रा की शुरुआत ।

खारुन नदी व शिवनाथ नदी के संगम स्थल ग्राम लखना के सोमनाथ में खारुन नदी की आरती पश्चात नदी जल से महादेव का अभिषेक कर खारुन दाई आजादी के लिए हजारों ग्रामीणों की उपस्थित में क्रान्ति सेना एवं जोहार पार्टी की 5 दिवसीय पदयात्रा आरंभ हुई। सोमनाथ घाट से हजारों महिलाओं, युवाओं, छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के सेनानी पदाधिकारों व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारी छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव के नेतृत्व में यात्रा का ग्राम लखना में सरपंच श्यामा साहू द्वारा आतिशी स्वागत पश्चात सभा का आयोजन किया गया।

- लखना के सोमनाथ में खारुन नदी की आरती के बाद निकाली गई यात्रा

### प्रस्तावित उद्योग की जनसुनवाई का होगा विरोध

सरपंच प्रतिनिधि बाला साहू ने बताया कि ग्राम लखना में प्रस्तावित उद्योग की जनसुनवाई 20 जून को ग्राम सांकरा में आयोजित है, जिसका पुरजोर विरोध करते हुए उन्होंने सहयोग मांगा। सुंगेरा ग्राम में सरपंच तारन बाबू के साथ सभी पंच व ग्रामीणों नेतृत्व पदयात्रा का स्वागत किया। इसके बाद पंचायत भवन प्रांगण में विशाल सभा का आयोजन कर इस यात्रा के उद्देश्य व मांगों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। भोजन पश्चात यात्रा बलौदी, खैरखूट पहुंची। शाम 5 बजे पदयात्रा के ग्राम सगुनी में सरपंच रजत कश्यप व ग्रामवासियों के साथ रैली के शक्ल में पूरे गांव का भ्रमण कर रात्रि विश्राम गांव में किया गया। रात्रि में सेवा समिति व भजन मंडलियों ने भजन कीर्तन का कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रथम दिवस की यात्रा विराम की। इस यात्रा में जिला-बलौदाबाजार से जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यद्धु, सनत यद्धु, जितेंद्र वर्मा, देवप्रसाद वर्मा, संजय वर्मा, सतीष यादव, संजय यादव, कुमारी बाई वर्मा, आरती कुर्रे, तोरण निषाद, के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पानी की समस्या, जनप्रतिनिधि ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल



नगर के भावेश यादव के नेतृत्व में जल समस्या को लेकर सोमवार को नगर पंचायत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि नगर के वार्ड 14 व 15 स्थित सोलर पैनल पंप पिछले महीने से खराब पड़ा है। साथ ही लगातार लोग भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। यह पम्प नगर के सब्जी बाजार में लगा हुआ, जिसमें मोहल्ले के साथ साथ बाहर से सब्जी बेचने व आने जाने वाले लोग इसका अधिक उपयोग करते हैं, लेकिन अभी तक नगर पंचायत के अधिकारियों, अध्यक्ष व पार्षद द्वारा किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यादव ने कहा है कि अगर यह पम्प दिए गए समय के भीतर ठीक नहीं कराया जाता है तो युवा साथियों व सभी मोहल्लेवासियों के साथ नगर पंचायत का घेराव किया जाएगा। इधर ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से ज्ञापन में भावेश यादव, अनुराग साहू, धनंजय, जीतू, दीपक, कुनाल, किशन, आकाश,अमर सहित अन्य साथी मौजूद रहें।

**जल्द सुधारा जायेगा**

दो सोलर वाला बोर ख़राब है, सोलर को क्रेड़ा विभाग ने लगाया था और 5 साल उसमें गारंटी थी। 5 साल का समय खत्म हो गया है। क्रेड़ा को पत्राचार हमने किया है और उन्होंने हमको डिमांड भी भेजा है। इस हफ्ते डिमांड हम कर देंगे, क्रेड़ा वाले उसे बना देंगे।

मनीष वारे

-सीएमओ, नपा कसडोल

# पंचायत सचिव के अभाव में रोजगार गारंटी कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोपालपुर

नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर में पंचायत चुनाव हुए तीन माह हो गया, लेकिन आज पर्यन्त तक पंचायत के कोई कार्य नियत समय पर संचालित नहीं हुआ है। यहां पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के पद खाली पड़े हैं। इसके चलते रोजगार गारंटी कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है। इसके चलते गरीबों को रोजगार नहीं मिल रहा है। यदि पंचायत स्तर पर कार्य चलते तो हर गरीब मजदूर अपने बच्चों के लिए फीस, कापी, पुस्तकें एवं ड्रेस के लिए पैसे इकट्ठा कर लेते, अपने खेती किसानी के लिए खाद, किटनाशक दवाई छीड़काव के लिए पैसों की जुगाड़ कर लेते, लेकिन सीजन निकले में है अभी भी काम खुल जाएगा तो कुछ कमाई हो जाएगी। यदि कार्य नहीं खुला तो साहूकार से कर्ज लेकर सभी कार्य को चलाना पड़ेगा।

- ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा रोजगार, अब नियुक्ति की उठी मांग

पंचायत सचिव के अभाव में सरकार के कोई भी कार्य योजना का क्रियावन्यन नहीं हो पा रहा है, जन्म, मृत्यु का पंजीयन भी नहीं हो पा रहे हैं। इससे प्रमाण पत्र लेने में दिक्कतें हो रही है, जबकि शासन का नियम है जन्म-मृत्यु के 21 दिन के अंदर प्रमाण पत्र ले लेना चाहिए। ज्ञात हो कि ग्रामीणों को बहुत उम्मीद थी कि अलग पंचायत बनेगी तो हर कार्य असानी से होगा और अच्छे से लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हो पा रही है।

पंचायत मुख्यालय के ग्रामीणों ने चर्चा करने पर बताया कि पंचायत में सचिव के पद खाली होने के कारण आफिसीयल काम नहीं हुआ, लेकिन इसका खामीयाजा हम सबको भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सचिव की नियुक्ति कर रोजगार गारंटी कार्य खोलने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 03 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद ग्राम पासिद की मृतिका उर्मिला बाई निषाद, पिथौरा वग्राम मेमरा के मृतक मनोज रात्रे एवं सरायपाली कुटेला के मृतक मुकेश दास के परिजन के लिए 04-04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# विश्व सायकिल दिवस आज, लिखे गए स्लोगन





**भरूवाडीह/ सैहा/ गुमा।** आज 3 जून को आठवां वां विश्व सायकिल दिवस मनाया जा रहा है। पहला विश्व साइकिल दिवस 3 जून 2018 को मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस उक्त तिथि को मनाया गया था। यह दिवस परिवहन के एक सरल, किफायती, भरोसेमंद और पर्यावरण की सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। वहीं जिला योग प्रचारक अंचल व आयुर्वेद ग्राम रावन के योग प्राकृतिक चिकित्सक दीपक कुमार वर्मा ने बताया आज आधुनिक युग में भी साइकिल का क्रेज प्रवृत्ति आचरण फिर से बढ़ गया है।

पांच-छः साल पहले जहां लोग साइकिल से चलने में अपना इंसल्ट समझते थे, वहीं अब जिनके घरों में लक्जरी कारें हैं, वो भी साइकिल चला रहे हैं। युवाओं में लडके जहां फिटनेस के लिए साइकिल चला रहे हैं, वहीं लड़कियां बॉडी को स्लिम बनाने के लिए उपयोग कर रही हैं। इसके अलावा लोग अपनी हेल्थ को मेंटेन करने के लिए भी साइकिल का प्रयोग कर रहे हैं।

योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा स्लोगन साइकिल की सवारी, ना प्रदूषण, ना बीमारी के नारे लगाकर लोगों को जागृत भी कर रहे हैं। वर्मा ने 7 वर्ष पहले अपने साइकिल के चैन कवर में यह स्लोगन लिखवाया था, अभी भी लिखा हुआ है, जो लोगों को पर्यावरण और साइकिल के प्रति ध्यान आकर्षित कराते हैं। योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा स्लोगन के माध्यम से लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर रहे है ।

# राष्ट्रीय आम महोत्सव 6 से 8 तक मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं संचालनालय उद्यानिकी के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 जून तक राष्ट्रीय आम महोत्सव वर्ष का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश एवं प्रदेश के विभिन्न आम किस्मों की प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में शासकीय, अशासकीय महिला समूह, स्वसहायता समुह, व्यक्तिगत कृषक, महिला, विद्यार्थी एवं समस्त नागरिक निः शुल्क पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकते हैं।

इस महोत्सव में आम के प्रदर्शन के साथ उन्नतशील प्रजाति के आम पौधे एवं आम से बने उत्पादों का विक्रय सह प्रदर्शन भी लगायी जायेगी। इसके साथ ही कृषक संगोष्ठी एवं आम उत्पादन के नवीन तकनीक पर विशेषज्ञों की परिचर्चा, किसानों एवं आम उद्यमियों के साथ विचार विमर्श तथा आम का प्रवर्धन तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन किया जायेगा।

प्रतियोगिता में पंजीयन के लिए न्यूनतम आमफल 10 नग प्रति किस्म, खाद्य उत्पादन न्यूनतम 250 ग्राम होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी हेतु विकासखंड सिमगा से अमन राठौर, भाटापारा में बालकृष्ण राठौर, बलौदाबाजार एवं कसडोल हीरासिंग पैकरा, पलारी पी.आर.टैगर से संपर्क कर सकते हैं।

# धान बोआई से पूर्व बीजोपचार करें किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



विकसित क़ृषि संकल्प अभियान के तहत शनिवार को विकासखंड भाटापारा के सहकारी समिति धनेली एवं मोपका, विकासखण्ड सिमगा के मनोहरा एवं डोंगरिया एवं विकासखण्ड पलारी के दतान-प व पलारी में विकसित कृषि संकल्प अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 689 कृषक एवं 55 जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति रही।

- विकसित कृषि संकल्प अभियान में 689 किसान और 55 जनप्रतिनिधि हुए शामिल

शिविर में किसानों को धान बुवाई के पूर्व बीजोपचार का लाईव प्रदर्शन कराया गया एवं धान की कतार बोनी (डीएसआचे पेडी ट्रांसप्लांटर से रोपाई तथा सोयाबीन की बीबीएफ पद्धति एवं उन्नत फार्म मशीनरी का उपयोग जैसे विषयों में किसानों को प्रशिक्षित किया गया। किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग, कृषि ड्रोन के माध्यम से उर्वरक छिड़काव और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र एवं इफको के सहयोग से ड्रोन का लाइव प्रदर्शन कर किसानों को इसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। शिविर में विशेष रूप से फसल चक्र परिवर्तन, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड ऑयल पाम एग्रीस्टैक योजना, पराली प्रबंधन एवं जल संरक्षण तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में किसानों को बीज, उर्वरक और अन्य कृषि आदान सामग्री का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

शिविर में कृषि विभाग, समवर्गीय विभाग, कृषि महाविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




**किसानों को उन्नत कृषि तकनीक दी जानकारी**

# क्षेत्र में कृषि संकल्प अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिरसा नाला



क्षेत्र में 29 मई से 12 जून तक कृषकों को जागरूक करने विकसित 'कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके परिपालन में ग्राम-सलोनिकला एवं किसडा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर मे संभागीय संयुक्त संचालक कृषि एम के चौहान उपस्थित थे। इस शिविर में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दी गईं। उप संचालक कृषि सारंगढ़ आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा शिविर में खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता का निर्माण एवं जैविक खेती करने की गुर बताये।धान की 10 साल की अंतर की किस्म अपनाने व खाद का अग्रिम उठाव करने की सलाह कृषकों सलाह दी। साथ ही किसानों को सम्पन्न बनाने की दिशा में किसान कल्याण तथा कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभाग के सहभागिता से अभियान को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अलावा पीएम किसान, डिजिटल एग्रीकल्चर एवं अन्य विभागीय योजनाओं को पात्र हितग्राहियों को लाभ लेने हेत प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि बिलासपुर से गोपाल प्रसाद पांडेय, कृषि महाविद्यालय रायगढ़ से डॉ संदीप पैकरा अध्यापक, कृष्ण कुमार साहू, प्रकाश कुमार थवाईत, उद्यान विभाग से एम.के.भगत, पशु विभाग से के.पी.साहू, फसल बीमा योजना से खुटे तथा आंनद सिंह राजपूत एवं दीनानाथ साहू व सरपंच सहित क्लस्टर ग्राम के किसान उपस्थित थे।

आज पंद्रहवी पुण्यतिथि

पावन स्मृतियां शेष रही तुम बिन जीवन जीना है
जो छोड़ गए संकल्प अधुरे अब हमको पुरा करना है।।
याद तुम्हारी जब-जब आएगी आंखो से आंसू बहना है
जो राह दिखाई है तुमने अब उस पर आगे बढ़ना है।।

अवतरण 08 अप्रैल 1946



स्वर्गारोहण 03 जून 2010

स्व. श्री मेंघनाथ श्रीवास

आज पंद्रहवी पुण्यतिथि पर श्रीवास मीडिया ग्रुप अपने संस्थापक पथ प्रदर्शक कर्मयोगी श्रद्धेय स्व. मेंघनाथ श्रीवास को अश्रुपुर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

:: श्रद्धानवत् ::

सरिता श्रीवास-सुरेश श्रीवास, मिथिला-रूपेश श्रीवास, दीक्षा श्रीवास-संदीप श्रीवास मुस्कान श्रीवास-किशन श्रीवास, कु. खगेश्वरी श्रीवास, प्रतीक श्रीवास, कु. प्रगति श्रीवास कु.प्रकृति श्रीवास, कु. समीक्षा श्रीवास एवं समस्त श्रीवास परिवार एवं शुभचिंतकगण पवनी, सक्ती, बुंदेली, रनपोटा, मरघटी, डभरा

सौजन्य : श्री मेघश्याम फाउण्डेशन एवं श्रीवास मीडिया ग्रुप